प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 09.04.2026 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने खरीफ मौसम 2026 के लिए फॉस्फेट और पोटैशियम उर्वरकों पर 41 हजार 534 करोड़ रुपये की पोषण आधारित सब्सिडी को मंजूरी दी।
- पचपदरा रिफाईनरी परियोजना की लागत बढाने और जयपुर मेट्रो फेज–2 को मंजूरी देने के केन्द्र सरकार के फैसले पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आभार जताया।
- देशभर में आज से पोषण पखवाड़ा शुरू–बच्चों के पोषण से जुडी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जायेगी।
- सलूम्बर के लसाडिया में बच्चों की संदिग्ध मृत्यु के मामले के बाद चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह सतर्क–पूरे संभाग में घर–घर सर्वे किया जा रहा है।

00000

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने खरीफ मौसम 2026 के लिए फॉस्फेट और पोटैशियम उर्वरकों पर 41 हजार 534 करोड़ रुपये की पोषण आधारित सब्सिडी को मंजूरी दे दी है। नई दिल्ली में मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इस फैसले से किसानों को रियायती, किफायती और उचित कीमतों पर उर्वरक उपलब्ध हो सकेगा। उन्होंने बताया कि यह सब्सिडी पिछले खरीफ मौसम में दी गई सब्सिडी से चार हजार 317 करोड़ रुपये अधिक है।

.....

00000

बालोतरा के पचपदरा स्थित राजस्थान रिफाईनरी लिमिटेड परियोजना की लागत को बढाकर 79 हजार 459 करोड़ रूपये करने के केन्द्र सरकार के फैसले पर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने आभार व्यक्त किया है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि ये ऊर्जा सुरक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इससे देश की पेट्रोकेमिकल्स के आयात पर निर्भरता कम होगी और घरेलु विनिर्माण को बढावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से रोजगार के अवसर सृजित हुए है। श्री शर्मा ने विश्वास व्यक्त किया कि ये रिफाइनरी प्रदेश के औद्योगिक विकास को नई गति देने के साथ–साथ औद्योगिक परिदृश्य को पूरी तरह से बदलने में मील का पत्थर साबित होगी। मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय मंत्रिमंडल द्वारा जयपुर मेट्रो के फैज–2 को मंजूरी दिये जाने के फैसले का भी स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि ये निर्णय विकसित राजस्थान के संकल्प को मजबूती देगा। गौरतलब है कि कल केन्द्रीय मंत्रिमंडल की आर्थिक कार्य समिति ने एचपीसीएल राजस्थान रिफाइनरी लिमिटेड परियोजना की लागत बढाने को मंजूरी दी थी। साथ ही जयपुर मेट्रो के दूसरे चरण में प्रहलादपुरा से टोड़ी मोड़ तक 41 किलोमीटर लंबे कॉरिडोर को भी स्वीकृति दी। इसमें 36 स्टेशन होंगे। इस परियोजना पर 13 हजार करोड़ रुपये से अधिक की लागत आएगी।

00000

हाल ही में संसद के दोनो सदनों से पारित जन विश्वास प्रावधान संशोधन विधेयक 2026 को लेकर विभिन्न प्रतिकियाएं मिल रही है। कोटपूतली–बहरोड़ के जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष और एडवोकेट बजरंग लाल शर्मा ने आकाशवाणी को बताया कि ये एक महत्वपूर्ण विधेयक है। इस विधेयक से जिला अदालत में मामलों में लगभग 20 प्रतिशत की कमी आयेगी और लोगों को त्वरित न्याय मिलेगा। उन्होंने कहा कि अदालत में कामकाज की प्रकिया में भी इससे तेजी आयेगी।

.....

0000

केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने घरेलू विमानन कंपनियों के लिए राहत उपायों की घोषणा की है। इसके तहत लैंडिंग और पार्किंग शुल्क में 25 प्रतिशत की कटौती की गई है। यह कटौती तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है और तीन महीने तक प्रभावी रहेगी। इस कदम का उद्देश्य भारतीय एयरलाइंस पर बढ़ते परिचालन खर्च के दबाव को कम करना और वैश्विक ईंधन कीमतों में वृद्धि के बावजूद यात्रियों के लिए हवाई यात्रा को किफायती बनाए रखना है।

0000

देशभर में आज से पोषण पखवाड़ा शुरू हो रहा है। महिला और बाल विकास मंत्रालय की ओर से आयोजित हो रहे पोषण पखवाड़े का विषय–जीवन के पहले छह वर्ष में मस्तिष्क का अधिकतम विकास रखा गया है। पखवाड़े के दौरान, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से विभिन्न गतिविधियां होंगी। इनमें परिवार, सामुदायिक संस्थाएं और स्थानीय निकाय भाग लेंगे। प्रदेश में भी सभी जिलों में पोषण पखवाडे के दौरान पोषण पंचायतें, जागरूकता सत्र, प्रारंभिक प्रोत्साहन गतिविधियां, खेल आधारित शिक्षण पहल और छोटे बच्चों के बीच स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने तथा स्क्रीन टाइम कम करने के अभियान होंगे। पाली के समेकित बाल विकास सेवा अधिकारी प्रकाश पंवार ने बताया कि जिले के 1 हजार 441 आंगनबाडी केन्द्रों पर पोषण पखवाडा मनाया जायेगा। पखवाडे के दौरान लोगों को बच्चों के पोषण के प्रति जागरूक किया जायेगा।

.....

0000

सलूम्बर जिले के लसाडिया में अज्ञात बीमारी से बच्चों की संदिग्ध मृत्यु के मामले के बाद चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से सतर्क है। विभाग की ओर से पूरे उदयपुर संभाग में घर घर सर्वे किया जा रहा है। विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बताया कि लसाडिया के प्रभावित क्षेत्र में 12 टीमों द्वारा 379 घरों का सर्वे किया गया, जिसमें एक ही लक्षणयुक्त रोगी पाया गया, जिसका मौके पर उपचार किया गया। इस बीच कल उदयपुर, चित्तौडगढ, राजसमंद, डूंगरपुर, बांसवाड़ा और प्रतापगढ़ में मौसमी बीमारियों की रोकथाम और नियंत्रण के लिए सघन गतिविधियाँ आयोजित की गईं।

0000

राज्य में खनन क्षेत्र के ऑटोमाइज्ड अधीकृत तुलाई कांटों का कल से लाइव परीक्षण शुरु कर दिया गया है। खान और पेट्रोलियम विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव अपर्णा अरोड़ा ने जयपुर के उगरियावास में औपचारिक लाइव परीक्षण शुरु किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पहले चरण के 309 तुलाई कांटों में से 130 तुलाई कांटों पर लाइव परीक्षण शुरु कर दिया गया है। बाकी 179 तुलाई कांटों का 20 अप्रेल तक परीक्षण शुरु किया जाएगा। उन्होंने बताया कि खान धारकों और ऑटोमाइज्ड अधीकृत तुलाई कांटों के लिए मोबाइल एप भी जल्द ही जारी किया जाएगा।

0000

उत्तर पश्चिम रेलवे अजमेर मंडल के जवाई बांध स्टेशन का नाम बदलकर अब सुमेरपुर जवाई बांध स्टेशन कर दिया गया है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक मिहिर देव ने बताया कि यात्रियों की सुविधा और क्षेत्रीय मांग को ध्यान में रखते हुए ये बदलाव किया गया है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में आधिकारिक परिपत्र जारी किया गया है। अब स्टेशन कोड भी जे डब्ल्यू बी के स्थान पर एस जे डब्ल्यू बी होगा। श्री देव ने बताया कि संशोधित नाम और कोड को रेलवे के सभी डेटाबेस प्रणालियों में अपडेट किया जा रहा है।

0000

असम, केरलम और केंद्र शासित प्रदेश पुड्डुचेरी में विधानसभा चुनाव के लिए आज मतदान हो रहा है। असम की सभी 126 सीटों, केरलम की 140 सीटों और पुड्डुचेरी की 30 सीटों पर एक ही चरण में मतदान हो रहा है। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सुबह 7 बजे मतदान शुरू हुआ। निर्वाचन आयोग ने स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए व्यापक प्रबंध किए हैं।

00000